
09

# कोयला उत्पादन और प्रेषण

## 1. कोयला उत्पादन

कैलेंडर वर्ष 2023 के लिए अखिल भारतीय कोयला उत्पादन 968.61 मिलियन टन (मि.ट.) (अनंतिम) है, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 864.26 मिलियन टन की तुलना में लगभग 12.07% की वृद्धि है। सीआईएल, एससीसीएल और अन्य से कोयला उत्पादन का कंपनी–वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:–

| कंपनीवार कोयला उत्पादन (मि.ट.) | | | |
|---|---|---|---|
| कंपनी | 2022 | 2023 (अनंतिम) | वृद्धि (%) |
| सीआईएल | 688.04 | 756.07 | 9.89 |
| एससीसीएल | 65.73 | 69.56 | 5.82 |
| कैप्टिव/अन्य | 110.48 | 142.98 | 29.41 |
| **कुल** | **864.26** | **968.61** | **12.07** |





** एसईसीएल के गारे पाल्मा–IV/2 और 3 का उत्पादन सीआईएल में जोड़ा गया है और कैप्टिव में शामिल नहीं किया गया है।*

## 2. कोयला प्रेषण

कैलेंडर वर्ष 2023 के लिए अखिल भारतीय कोयला प्रेषण 950.13 मिलियन टन (अनंतिम) है, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 860.19 मि.ट. कोयले की तुलना में लगभग 10.46% की वृद्धि है। सीआईएल, एससीसीएल और अन्य से कोयला उत्पादन का कंपनी–वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:–

| कंपनीवार कोयला प्रेषण [मि.ट.] | | | |
|---|---|---|---|
| कंपनी | 2022 | 2023 (अनंतिम) | वृद्धि (%) |
| सीआईएल | 685.98 | 738.83 | 7.70 |
| एससीसीएल | 64.57 | 70.55 | 9.27 |
| कैप्टिव/अन्य | 109.65 | 140.75 | 28.36 |
| **कुल** | **860.19** | **950.13** | **10.46** |





** एसईसीएल के गारे पाल्मा–IV/2 और 3 का प्रेषण सीआईएल में जोड़ा गया है और कैप्टिव में शामिल नहीं किया गया है।*

### (i) कोल इंडिया लिमिटेड से क्षेत्र–वार कोयला प्रेषण (अनंतिम)

वर्ष 2023 के दौरान सीआईएल से क्षेत्रवार कोयला प्रेषण निम्नानुसार है:–

(मि.ट. में)

| क्षेत्र | 2022 | 2023 (अनंतिम) | % वृद्धि |
|---|---|---|---|
| विद्युत (यूटिलिटी) | 582.43 | 608.05 | 4.40 |
| विद्युत (सीपीपी) | 34.17 | 51.45 | 50.58 |
| इस्पात | 2.02 | 3.31 | 64.11 |
| सीमेंट | 3.39 | 4.48 | 32.19 |
| स्पंज आयरन/ सीडीआई | 7.39 | 8.80 | 19.14 |
| अन्य | 56.591 | 62.74 | 10.87 |
| **कुलः सीआईएल** | **685.98** | **738.83** | **7.70** |





*एसईसीएल के गारे पाल्मा–IV/2 और 3 का प्रेषण सीआईएल में जोड़ा गया है और कैप्टिव में शामिल नहीं किया गया है।

### (ii) एससीसीएल से क्षेत्र–वार कोयला प्रेषण

वर्ष 2023 के दौरान एससीसीएल से क्षेत्र–वार कोयले का प्रेषण निम्नानुसार है:

(मि.ट. में)

| क्षेत्र | 2022 | 2023 (अनंतिम) | % वृद्धि |
|---|---|---|---|
| विद्युत (यूटिलिटी) | 52.46 | 60.25 | 14.87 |
| विद्युत (सीपीपी) | 3.34 | 3.13 | –6.38 |
| सीमेंट | 3.30 | 3.20 | –3.03 |
| स्पंज आयरन/सीडीआई | 0.45 | 0.35 | –21.33 |
| अन्य | 5.03 | 3.62 | –27.98 |
| **कुलः एससीसीएल** | **64.57** | **70.55** | **9.27** |




## 3. लिग्नाइट उत्पादन

कैलेंडर वर्ष 2023 के लिए अखिल भारतीय लिग्नाइट उत्पादन 42.11 मिलियन टन (अनंतिम) है, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान यह 47.39 मिलियन टन था, जो 11.15% की नकारात्मक वृद्धि दर्शाता है।

लिग्नाइट उत्पादन का कंपनी–वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:–

| कंपनी–वार लिग्नाइट उत्पादन (मि.ट.) | | | |
|---|---|---|---|
| कंपनी | 2023 | 2022 | वृद्धि (%) |
| एनएलसीआईएल | 22.32 | 26.24 | –14.93 |
| जीएमडीसीएल | 6.50 | 8.26 | –21.27 |
| जीआईपीसीएल | 2.95 | 3.12 | –5.23 |
| आरएसएमएमएल | 1.13 | 1.28 | –11.63 |
| बीएलएमसीएल | 6.21 | 5.86 | 5.98 |
| जीएचसीएल | 0.06 | 0.10 | –40.38 |
| वीएस लिग्नाइट | 1.01 | 0.94 | 7.00 |
| जीएसपीएल | 1.93 | 1.60 | 20.51 |
| **कुल** | **42.11** | **47.39** | **–11.15** |

## 4. लिग्नाइट प्रेषण:

कैलेंडर वर्ष 2023 के लिए अखिल भारतीय लिग्नाइट प्रेषण 41.82 मिलियन टन (अनंतिम) है, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान यह 46.43 मिलियन टन था, जो 9.92% की नकारात्मक वृद्धि दर्शाता है।

लिग्नाइट प्रेषण का कंपनी–वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:–

| कंपनी—वार लिग्नाइट प्रेषण (मि.ट.) | | | |
|---|---|---|---|
| कंपनी | 2023 | 2022 | वृद्धि (%) |
| एनएलसीआईएल | 22.16 | 25.53 | –13.22 |
| जीएमडीसीएल | 6.50 | 8.26 | –21.27 |
| जीआईपीसीएल | 2.95 | 3.12 | –5.23 |
| आरएसएमएमएल | 1.13 | 1.28 | –11.63 |
| बीएलएमसीएल | 6.21 | 5.70 | 8.95 |
| जीएचसीएल | 0.09 | 0.09 | –1.11 |
| वीएस लिग्नाइट | 0.94 | 0.98 | –4.27 |
| जीएसपीएल | 1.84 | 1.47 | 25.24 |
| **कुल** | **41.82** | **46.43** | **–9.92** |

## 5. आयात

देश की कुल कोयले की मांग में से लगभग 20–25% मांग आयात से पूरी की जाती है। कोयले के आयात में मुख्य रूप से कोकिंग कोयला और उच्च ग्रेड (जीसीवी) कोयला शामिल है क्योंकि अल्प भंडार या अनुपलब्धता के कारण उनका घरेलू उत्पादन सीमित है। विद्युत क्षेत्र तटीय क्षेत्र में स्थापित आयातित कोयला आधारित (आईसीबी) विद्युत संयंत्रों (क्योंकि उन्हें विशेष रूप से केवल आयातित कोयले का उपयोग करने के लिए डिजाइन किया गया है) और सम्मिश्रण उद्देश्य हेतु घरेलू कोयला आधारित (डीसीबी) विद्युत संयंत्रों के लिए कोयले का आयात करता है। कोयला खुले सामान्य लाइसेंस (ओजीएल) के अधीन होने के कारण, व्यापारी और अंतिम उपयोगकर्ता (उद्योग) भी वाणिज्यिक और संभारतंत्रीय आधार पर कोयले का आयात करते हैं।

अप्रैल से अक्टूबर, 2023 के दौरान कोयले का आयात 151.25 मिलियन टन (मि.ट.) (जिसमें 34.08 मि.ट. कोकिंग कोल और 117.17 मि.ट. नॉन कोकिंग कोल शामिल है) था, जबकि 2023–24 की इसी अवधि में 149.19 मिलियन टन (33.30 मि.ट. कोकिंग कोल और 115.89 मि.ट. नॉन कोकिंग कोल शामिल है) जो 1.38% की सकारात्मक वृद्धि दर्शाता है।

पिछले तीन वर्षों और अप्रैल–अक्टूबर, 2023 के लिए विभिन्न क्षेत्रों द्वारा किया गया कोयले का आयात निम्नानुसार है:–

| कोयला आयात (मात्रा मिलियन टन में) | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष | कोकिंग कोल | विद्युत | | कुल विद्युत | गैर–विनियमित क्षेत्र | गैर–कोकिंग | कुल आयात |
| | | आयातित कोयला आधारित संयंत्र | मिश्रित कोयला आधारित संयंत्र | | | | |
| 2020–21 | 51.29 | 35.08 | 10.39 | 45.47 | 118.21 | 163.68 | 214.97 |
| 2021–22 | 57.20 | 18.89 | 8.10 | 26.99 | 124.78 | 151.77 | 208.97 |
| 2022–23 | 56.05 | 20.53 | 35.10 | 55.63 | 126.18 | 181.81 | 237.86 |
| 2023–24 (अप्रैल–अक्टूबर) | 34.08 | 21.71 | 13.57 | 35.28 | 81.89 | 117.17 | 151.25 |
| 2022–23 (अप्रैल–अक्टूबर) | 33.30 | 13.44 | 25.40 | 38.84 | 77.05 | 115.89 | 149.19 |
| वृद्धि (%) वित्त वर्ष 22–23 से 23–24 तक | 2.34 | 61.51 | –46.57 | –9.17 | 6.29 | 1.11 | 1.38 |

*स्रोतः डीजीसीआई एंड एस, कोलकाता*